CBSE Class 07 Hindi
NCERT Solutions
पाठ - 06 रक्त और हमारा शरीर

1. रक्त के बहाव को रोकने के लिए क्या करना चाहिए?
उत्तर:- रक्त के बहाव को रोकने लिए सबसे पहले उस स्थान पर कसकर साफ़ कपड़ा बाँध देना चाहिए, क्योंकि दबाव पड़ने पर रक्त का बहना कम हो जाता है, जो उस व्यक्ति के लिए लाभप्रद सिद्ध होता है फिर जल्दी ही हमें उस व्यक्ति को डॉक्टर के पास ले जाना चाहिए।

2. खून को 'भानुमती का पिटारा' क्यों कहा जाता है?
उत्तर:- 'भानुमती का पिटारा' हिन्दी में एक लोकोक्ति है जिसका अर्थ है एक पिटारे में कई तरह की वस्तुएँ। खून को 'भानुमती का पिटारा' कहा जाता है क्योंकि यदि सूक्ष्मदर्शी से खून की एक बूँद को जाँचा जाए तो उसमें लाखों की संख्या में लाल रक्त कण मौजूद मिलेंगे जिसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते। इसके अलावा कुछ कण सफ़ेद तथा कुछ रंगहीन कण होते हैं। तरल भाग प्लाज्मा होता है रंगहीन कण प्लाज्मा में तैरते रहते हैं।ये शरीर में ऑक्सीजन पहुँचाने से लेकर रोगों से लड़ने तक सभी महत्त्वपूर्ण कार्य करते हैं, इन्हीं विविधताओं के कारण खून को भानुमती का पिटारा कहा जाता है।

3. एनीमिया से बचने के लिए हमें क्या-क्या करना चाहिए?
उत्तर:- एनीमिया से बचने के लिए हमें पौष्टिक एवं संतुलित आहार का सेवन करना चाहिए। हमें अपने भोजन में उचित मात्रा में हरी सब्जियाँ, फल, दूध, अंडे व गोश्त खाना चाहिए ताकि हमारे शरीर को प्रोटीन, लौह-तत्व,कार्बोहाइड्रेट और विटामिन मिलते रहे जिससे हमारे शरीर में रक्त की कमी न हो तथा ऊर्जा बनी रहे।

4. पेट में कीड़े क्यों हो जाते हैं? इनसे कैसे बचा जा सकता है?
उत्तर:- पेट में कीड़े दूषित पानी और खाद्य पदार्थों के कारण होते हैं।
इनसे बचने के लिए हमें सफाई से बने खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए। भोजन करने से पहले हमें अच्छी तरह से हाथ धो लेने चाहिए एवं साफ़ जल ही पीना चाहिए।भोजन तथा पानी ढक कर रखना चाहिए। कुछ कीड़ों के लार्वे जमीन की ऊपरी सतह पर भी होते हैं इसलिए नंगे पैर इधर-उधर नहीं घूमना चाहिए, शौचालय का इस्तेमाल करने के पश्चात साबुन से भली-भांति हाथ-पैर धोने चाहिए। खुली तथा गन्दगी में बनी वस्तुओं के सेवन से बचना चाहिए।। इस प्रकार के कुछ सफाई संबन्धित उपाय करने से हम पेट के कीड़ों की वजह से बीमार होने से बच सकते हैं।

5. रक्त के सफ़ेद कणों को 'वीर सिपाही' क्यों कहा गया है?
उत्तर:- रक्त के सफ़ेद कणों को 'वीर सिपाही' इसलिए कहा गया है क्योंकि ये रोगों के कीटाणुओं को शरीर में घुसने नहीं देते, जहाँ तक संभव हो सके रोगी कीटाणु की कार्य क्षमता को शिथिल कर उनसे डटकर मुकाबला करते हैं। इस प्रकार वे बहुत से रोगों से

सिपाही के समान हमारी रक्षा करते हैं।

6. ब्लड-बैंक में रक्तदान से क्या लाभ हैं?
उत्तर:- ब्लड-बैंक में दान किये गए रक्त को शुद्ध करके आपातकालीन स्थिति के लिए सुरक्षित रखा जाता है। किसी भी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता पड़े तो उसके लिए संबंधित रक्त-समूह का रक्त ब्लड-बैंक से लिया जा सकता है। इससे मरीज़ का जीवन समय रहते बच सकता है।

7. साँस लेने पर साफ़ हवा से ऑक्सीजन प्राप्त होती है, उसे शरीर के हर हिस्से में निम्न में से कौन पहुँचाता है?
सफ़ेद कण, लालकण, साँस नली, फेफड़े
उत्तर:- साँस लेने पर शुद्ध वायु से जो ऑक्सीजन प्राप्त होती है, उसे हर हिस्से में लाल रक्त कण पहुँचाते हैं।

8. रक्त में हीमोग्लोबिन के लिए किस खनिज की आवश्यकता पड़ती है - जस्ता, शीशा, लोहा, प्लैटिनम
उत्तर:- रक्त में हीमोग्लोबिन के लिए लोहा खनिज की आवश्यकता पड़ती है।

9. बिम्बाणु (प्लेटलैट कण) की कमी किस बीमारी में पाई जाती है - टाइफायड, मलेरिया, डेंगू, फाइलेरिया
उत्तर:- बिम्बाणु (प्लेटलैट कण) की कमी डेंगू बीमारी में पाई जाती है।

• भाषा की बात
1.1 चार महीने के होते-होते ये नष्ट हो जाते हैं -
इस वाक्य को ध्यान से पढ़िए।इस वाक्य में 'होते-होते' के प्रयोग से यह बताया गया है कि चार महीने से पूर्व ही ये नष्ट हो जाते हैं।
इस तरह के पाँच वाक्य बनाइए जिनमें इन शब्दों का प्रयोग हो -
बनते-बनते, पहुँचते-पहुँचते, लेते-लेते, करते-करते
उत्तर:- 1.सीता के विवाह की बात **बनते-बनते** बिगड़ गई।
2.मैं ताजमहल **पहुँचते-पहुँचते** रह गया।
3.वह लाल साड़ी **लेते-लेते** रह गई।
4.सुबह से घर की सफाई **करते-करते मैं** थक गई।

1.2 इन प्रयोगों को पढ़िए -
सड़क के किनारे-किनारे पेड़ लगे हैं।
आज दूर-दूर तक वर्षा होगी।
इन वाक्यों में 'होते-होते' की तरह 'किनारे-किनारे' और 'दूर-दूर' शब्द दोहराए गए हैं। पर हर वाक्य में अर्थ भिन्न है।
किनारे-किनारे का अर्थ है - किनारे से लगा हुआ और दूर-दूर का-बहुत दूर तक।
आप भी निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करते हुए वाक्य बनाइए और उनके अर्थ लिखिए -

ठीक-ठीक, घड़ी-घड़ी, कहीं-कहीं, घर-घर, क्या-क्या

उत्तर:- 1.यह मशीन ठीक-ठीक काम करती है।

2.रीता घड़ी-घड़ी रोना ठीक बात नहीं है।

3.यहाँ पर आपको कहीं-कहीं पर ही दुकानें नज़र आएँगी।

4.आजकल घर-घर में अपहरणकर्ताओं की चर्चा है।

5.माँ जल्दी बताओ बाज़ार से क्या-क्या लाना है।

---

2. इस पाठ में दिए गए मुहावरों और कहावतों को पढ़िए और वाक्यों में प्रयोग कीजिए - 'भानुमती का पिटारा', 'दस्तक देना', 'धावा बोलना', 'घर करना', 'पीठ ठोकना'।

उत्तर:- 1.मेरी नानी का संदूक तो भानुमती का पिटारा है।

2.आधी रात को दरवाजे पर दस्तक देने से परिवार के सारे लोग घबरा उठे।

3.लुटेरों ने गाँव पर आधी रात को धावा बोल दिया।

4.महँगाई के राक्षस ने हमारे देश में घर कर रखा है।

5.मंगल अभियान की सफलता के लिए प्रधानमंत्री ने सभी वैज्ञानिकों की पीठ ठोंकी।